हरिभूमि

# सरगुजा-भूमि

बिलासपुर, रविवार 5 अक्टूबर 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]




2 पूजा-अर्चना पश्चात मां दुर्गा प्रतिमा का विधि-विधान से किया गया विसर्जन



आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

## अन्य राज्यों में हो चुकी है बच्चों की मौतें

# सूअरों में जापानी इंसेफेलाइटिस की पुष्टि स्वास्थ्य विभाग को किया गया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में जापानी इंसेफेलाइटिस की पुष्टि हुई है। पशु विभाग द्वारा जिले भर से एकत्रित गए 120 सूअरों के सैंपल में से 61 सैंपल पॉजिटिव पाए गए है। जेई वायरस की पुष्टि होने के बाद पशु चिकित्सा विभाग के साथ ही सरगुजा स्वास्थ्य विभाग की चिंताएं बढ़ गई है। ऐसा इस लिए क्यों कि यह एक जानलेवा बीमारी है जिसे जापानी बुखार के नाम से भी जाना जाता है और यह मच्छरों के काटने से फैलने वाली बीमारी है। यदि जापानी इंसेफेलाइटिस से संक्रमित सुकर को काटने के बाद मच्छर ने इंसान को काट लिया तो यह इंसान में भी फैल जाती है।

**खास बात**

- जापानी बुखार के नाम से जाना जाता है खतरनाक वायरल, मच्छरों से फैलता है इंसानों तक

दरअसल पशु चिकित्सा सेवाएं द्वारा जापानी इंसेफेलाइटिस के संदेह पर सरगुजा जिले के अंबिकापुर, लुंड्रा, बतौली, सीतापुर, मैनपाट क्षेत्र से 120 सूअरों के सैम्पल लिए गए थे और सैम्पल को जांच के लिए आईसीएआर निवेदी बेंगलुरु भेजा गया था। इस दौरान जांच में कुल 61 सैम्पल में जापानी इंसेफेलाइटिस वायरस की पुष्टि हुई है। जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद पशु चिकित्सा विभाग में हड़कंप मच गया है। पशु चिकित्सा विभाग की ओर से स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट कर चेतावनी जारी की गई है और एसओपी का पालन करते हुए सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए है हालांकि पशु चिकित्सा विभाग का कहना है इससे जानवरों को कोई खास नुकसान नहीं होता लेकिन इंसानों के लिए यह घातक है।




### क्या है जापानी इंसेफेलाइटिस

बताया जा रहा है कि जापानी इंसेफेलाइटिस मच्छर से फैलने वाला विषाणु जनित रोग है जो जापानी इंसेफेलाइटिस वायरस से होता है। यह सीधे तौर पर इंसान के मस्तिष्क को प्रभावित करता है और मस्तिष्क में सूजन पैदा करता है। यह गंभीर लेकिन टीका-रहित बचाव योग्य रोग है। आम तौर पर बारिश के समय मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है ऐसे में यदि कोई मच्छर जेई से संक्रमित सूकर को काटता है और फिर वही मच्छर इंसान को काटता है तो यह जेईवी बीमारी इंसान को हो जाती है लेकिन यह एक इंसान से दूसरे इंसान को नहीं फैलता है।

#### बच्चों पर इसका सबसे अधिक प्रभाव : मार्को

सीएमएचओ डॉ. पीएस मार्को ने बताया कि जापानी इंसेफेलाइटिस वायरस का सबसे अधिक असर छोटे बच्चों में होता है। उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा सहित अन्य राज्यों में जापानी इंसेफेलाइटिस या जापानी बुखार के कारण बड़ी संख्या में छोटे बच्चों की मौतें होती है। प्रदेश के बस्तर में भी इंसानों में इस वायरस के केस मिल चुके है लेकिन सरगुजा में अब तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है। चिंता की बात यह है कि इस वायरल का कोई अलग से उपचार नहीं है और लक्षण आधारित ही इलाज किया जाता है। यह सबसे ज्यादा बच्चों के मस्तिष्क को प्रभावित करता है जबकि वयस्कों में अक्सर पूर्व संक्रमण से प्रतिरक्षा विकसित हो जाती है। बस्तर में इस बीमारी से बचाव के लिए बच्चों को टीका लगाया जाता है।

### क्या है लक्षण

जापानी इंसेफेलाइटिस के अधिकांश संक्रमण बिना लक्षण के होते है लेकिन कुछ में गंभीर रोग विकसित होता है जिसके प्रारंभिक लक्षण बुखार, सिर दर्द, उल्टी, थकान, सुस्ती है। इसके साथ ही संक्रमण बढ़ने पर तेज बुखार के साथ ही मानसिक भ्रम की स्थिति पैदा होती है। गर्दन में अकड़न होती है, बच्चों को दौरे पड़ते है और बेहोशी, कोमा के साथ ही न्यूरोलोजिकल समस्या जैसे लकवा, बोलने में समस्या होती है। वर्तमान में सरगुजा जिले में इसके जांच की सुविधा नहीं है और सैम्पल को जांच के लिए रायपुर ही भेजा जा सकता है।

#### हुई है जेई वायरस की पुष्टि

सरगुजा से सूअरों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया था। जांच रिपोर्ट में जापानी इंसेफेलाइटिस की पुष्टि हुई है। कुल 61 प्रकरण मिले है। हमारी तरफ से स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट कर दिया गया है और सावधानी बरतने को कहा गया है।

डॉ. आरपी शुक्ला
उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं

#### यह मस्तिष्क को करता है प्रभावित

जापानी इंसेफेलाइटिस की पुष्टि हुई है। यह जानवरों से मच्छर के माध्यम से इंसानों में फैलता है। यह मनुष्य के मस्तिष्क को प्रभावित करता है। जेई का कोई विशेष एंटीवायरल इलाज नहीं है। इसका लक्षण आधारित उपचार किया जाता है। बच्चों को इस बीमारी से बचाव के लिए टीका लगाया जाता है। लोग अपने आस पास सफाई रखे और मच्छर को पनपने से रोके। मच्छरदानी का उपयोग करे। किसी भी प्रकार के लक्षण नजर आने पर चिकित्सक से सम्पर्क करें।

-डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता
नोडल अधिकारी



# राज्यपाल रमेन डेका आज पहाड़ी कोरवा ग्राम घटगांव में

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

रविवार को राज्यपाल रमेन डेका जिले के प्रवास पर रहेंगे। राज्यपाल श्री डेका पहली बार विकासखंड के दौरे पर आ रहे है। ऐसे में राज्यपाल के आगमन को लेकर जिला प्रशासन और शासन की ओर से बड़े पैमाने पर तैयारियां की जा रही है। राज्यपाल आवास हितग्राहियों को चाबी सौपने के साथ ही पीएम जनमन के हितग्राहियों से मुलाकत करेंगे। राज्यपाल के आगमन को लेकर चल रही तैयारियों का सांसद चिंतामणि महाराज ने निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। राज्यपाल के आगमन को लेकर सरगुजा सांसद चिंतामणी महाराज ने निरीक्षण किया। बता दें कि राज्यपाल रमेन डेका 5 अक्टूबर को एक दिवसीय प्रवास पर जिले में आ रहे है। इस दौरान राज्यपाल श्री डेका राजपुर विकासखंड के पहाड़ी कोरवा ग्राम घटगांव का भ्रमण करेंगे। साथ ही प्रधानमंत्री आवास हितग्रहियों को आवास की चाबी सौंपेंगे। पीएम जनमन अंतर्गत हितग्राहियो से चर्चा कर आजीविका गतिविधियां, कृषि संबंधी चर्चा के साथ ही स्व सहायता समूह की महिलाओ से संवाद भी करेंगे। राज्यपाल के इस कार्यक्रम को लेकर सांसद चिंतामणि महाराज ने तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सांसद श्री चिंतामणि ने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना से लाभान्वित कोरवा जनजाति के वरिष्ठजनों से भेंट करेंगे। यह मुलाकात न केवल एक औपचारिक कार्यक्रम है बल्कि सरकार की जनजातीय उत्थान की प्रतिबद्धता का प्रतीक भी है। राज्यपाल का यह दौरा कोरवा जनजाति सहित पूरे क्षेत्र के लिए एक प्रेरणादायक क्षण माना जा रहा है। स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा और आयोजन से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। ग्राम घटगांव को सजाया गया है और ग्रामीणों में अपने बीच राज्यपाल को पाकर उत्साह का माहौल है। भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भी इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समर्पित भाव से सहयोग किया जा रहा है।

- सांसद ने लिया तैयारियों का जायजा

## खबर संक्षेप

### वन्यजीव संरक्षण के लिए विशेष पहल, सरगुजा में शुरू हुआ 'एनिमल एडॉप्शन कैंपेन'

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार 8 अक्टूबर तक वन्यप्राणी सप्ताह मनाया जा रहा है इस अवसर पर सरगुजा वनमंडल द्वारा आज से एनिमल एडॉप्शन कैंपेन की विशेष शुरुआत की गई।कार्यक्रम की शुरूआत बाईक रैली से हुई जो वनमंडल कार्यालय से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए ऑक्सीजन पार्क में समाप्त हुई। रैली में बड़ी संख्या में वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए और उन्होंने नागरिकों को संदेश दिया कि वन्यजीव केवल जंगलों तक सीमित नहीं हैं, उनका संरक्षण हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। डीएफओ आभिषेक जोगावत ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य लोगों को वन्यजीवों के महत्व से जोड़ना और समाज में संरक्षण की सामूहिक भावना को बढ़ावा देना है। प्रशिक्षु आईएफइस सुश्री श्वेता काम्बोज एवं सहायक वनसंरक्षक श्रीमती जैनी ग्रेस कुजूर के नेतृत्व में आयोजित इस रैली ने शहरवासियों का विशेष ध्यान आकर्षित किया।

### दुर्गा विसर्जन के दौरान सोनवाही बांध में युवक पर प्राणघातक हमला

**बिश्रामपुर।** मां दुर्गा की प्रतिमा विदाई के दौरान सोनवाही बांध में एक युवक पर प्राणघातक हमला किए जाने की खबर है। गौरतलब है कि शुक्रवार रात करीब 10 बजे दुर्गा विसर्जन के दौरान सोनवाही बांध में अम्बिकापुर शहर से कई श्रद्धालु मां दुर्गा की प्रतिमा को विसर्जित करने आए थे। प्रार्थी 28 वर्षीय उज्जवल विश्वास ने बताया कि पुरानी रंजिश पर दिलीप धर, राजेश धर और दीपेश धर के गुट ने गाली-गलौज करते हुए लाठियों से प्राणघातक हमला कर दिया जिससे प्रार्थी के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई है। प्रार्थी उज्जवल ने शनिवार को लटोरी पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई है।

### पति ने पिता के साथ मिलकर की पत्नी की पिटाई

**अम्बिकापुर।** बाडी में मूंगफली उखाड़ रही पत्नी को पति ने पिता के साथ मिलकर जमकर पिटाई कर दी। चंदौरा थाना अंतर्गत ग्राम गोरसी भुडूपानी निवासी सुनिता पति रामरूप (30 वर्ष) गत दिन बाड़ी में जेठ धनसाय मूंगफली उखाड़ रहा था तभी सुनिता खाने के लिए मूंगफली उखाड़ने लगी तभी पति मौके पर पहुंचा और पत्नी को घर लेकर आया और पिता के साथ मिलकर पत्नी की जमकर पिटाई कर दी। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पति व ससुर के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

# अब दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान कांग्रेस नेता पर जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिले में अपराधिक घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। दशहरा के दिन युवती की चाकू से गोदकर हत्या और फिर शाम को महामाया मंदिर परिसर में चाकूबाजी के बाद बीती रात दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान कांग्रेस नेता पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। इस घटना में कांग्रेस नेता दिलीप धर और उनके भाई राजेन्द्र धर गंभीर रूप से घायल हुए है।

- जिले में लगातार बढ़ रही अपराधिक घटनाएं, दो की हालत गंभीर

गांधीनगर थाना अंतर्गत भगवानपुर में भी बंग समाज के लोगों द्वारा दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन की तैयारी की गई थी। समाज के लोग नाचते गाते दुर्गा विसर्जन के लिए लटोरी चौकी अंतर्गत पड़ने वाले सेमरा से लगे सोनवाही बांध गए हुए थे। बताया जा रहा है कि समाज के लोग दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन की तैयारी कर रहे थे इस दौरान किसी ने कांग्रेस जिला सचिव दिलीप धर को इस बात की जानकारी दी कि उसे और उसके परिवार के लोगों को मारने की योजना बनाकर कुछ लोग हथियार लेकर पहुंचे हुए है। ऐसे में दिलीप धर अपने भाई राजेन्द्र धर और पुत्र दीपेश धर को लेकर दूसरे रास्ते से वापस लौट रहे थे। दिलीप धर ने बताया कि वापस घर लौटते समय मौके पर मौजूद विशाल मजुमदार, अमर पाण्डेय, कमल पाण्डेय, विनीत बोस, विशाल घोष, पवन विश्वास, उज्जवल सहित 15-20 लोगों ने उन्हें घेर लिया और अपने पास रहे रॉड, गुप्ती, फाइटर, स्टिक सहित अन्य हथियारों से हमला कर दिया। पहले उन्होंने दिलीप धर की जमकर पिटाई और जब उसका भाई राजेन्द्र धर बीच बचाव करने आया तो उन्होंने उसकी भी पिटाई की। इसके साथ ही लोगों ने दिलीप धर के पुत्र दीपेश धर पर भी हमला किया। इस हमले में दोनों भाई लहू लुहान हो गए। मारपीट के दौरान किसी तरह बचकर दिलीप धर अपने बेटे के साथ धान के खेत में छिप गया। मारपीट की सूचना मिलने के बाद जब लोगों की भीड़ एकत्रित होने लगी तो हमलावर भाग निकले। दिलीप धर का कहना है कि मारपीट की आशंका पर उन्होंने गांधीनगर पुलिस को सूचना दी थी लेकिन पुलिस समय पर मदद के लिए नहीं पहुंची। इस घटना में घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका उपचार जारी है। इस मामले में शिकायत के बाद गांधीनगर पुलिस ने शून्य पर अपराध दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई लटोरी चौकी पुलिस द्वारा की जाएगी।




अस्पताल में भर्ती घायल।

#### नाचने को लेकर नाबालिग पर हमला

दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में मायामय तालाब के समीप भी एक नाबालिग की बेदम पिटाई कर दी गई। बताया जा रहा है दुर्गा विसर्जन के दौरान नाचने को लेकर हुए विवाद में कुछ लोगों ने नाबालिग की बेदम पिटाई की। नाबालिग के सिर पर चापड़ से हमला किया गया। इस घटना में गंभीर रूप से घायल नाबालिग को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। इस घटना में मारपीट करने वाले भी नाबालिग बताए जा रहे है। फिलहाल पुलिस द्वारा डॉक्टर के रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

#### चल रही है जांच

दिलीप धर से मारपीट के मामले में शून्य पर अपराध दर्ज कर डायरी लटोरी चौकी भेजी जा रही है। इस मामले की जांच सूरजपुर पुलिस करेगी। इसके साथ ही नाबालिग से मारपीट के मामले में भी जांच चल रही है। डॉक्टर के रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

-अमोलक सिंह ढिल्लो
एएसपी सरगुजा

# मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, गिरा मिट्टी का मकान

**रामानुजगंज।** पिछले तीन दिनों से रूक-रूक कर हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। लगातार हो रही तेज बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं वहीं कन्हर नदी का जलस्तर एक बार फिर बढ़ गया है जिससे निचले इलाकों में जलभराव और बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।

लगातार बारिश से नगर के वार्ड क्रमांक 11 में खाली पड़ा एक मिट्टी का मकान अचानक ढह गया। हादसे के समय घर के पास ही एक व्यक्ति सोया था। मकान गिरने की आवाज सुनते ही वह भाग निकला। मोहल्लेवासियों ने बताया कि घटना देर रात करीब 2:30 बजे की है। घर गिरने की तेज आवाज से मोहल्ले में दहशत फैल गई थी। मूसलधार बारिश से ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी गंभीर होती जा रही है। संपर्क मार्गों पर पानी भरने से आवाजाही में दिक्कतें हो रही है। कई कच्चे मकानों में पानी घुसने की खबरे भी सामने आई हैं। प्रशासन ने निचले इलाकों में निवासरत ग्रामीणों से सतर्कता बरतने और आवश्यकता होने पर ऊंचे व सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने का अह्वान किया है। इसी तरह बारिश का दौर जारी रहा तो कन्हर नदी का जलस्तर और अधिक बढ़ने से बाढ़ जैसे हालात निर्मित होने की संभावना जताई जा रही है। प्रशासन की निगरानी टीमें लगातार जलस्तर पर नजर बनाए हुए हैं और राहत-बचाव कार्यों की तैयारी पूरी कर ली गई है। नपा परिषद् के अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने बताया कि लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है, लेकिन नगर में हालात नियंत्रण में है। नगर पालिका की टीम पूरी तरह अलर्ट पर है और बारिश के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।



# क्षेत्र में शुरू हुई मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना

**राजपुर।** प्रदेश के साथ ही विकासखंड में भी मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का उदघाटन किया गया। इस योजना के तहत जिले में भी 2 रूट में योजनान्तर्गत मुख्यमंत्री ग्रामीण बस संचालित होगी। जिससे ग्रामीण अंचलों में रहने वाले लोगों के जीवन को सुविधाजनक बनाने और उनके विकास में एक नई दिशा प्रदान करेगी। विकासखंड में राजपुर-परसगुड़ी-चिलमाकला-नर्सिंगपुर जबकि रामानुजगंज क्षेत्र में रामानुजगंज-बहरचुरा, चरगड-चेरवादेही-भितर चुरा के बीच बस का संचालन किया जाएगा। पहले दिन भाजपा नेता व नरसिंहपुर उप सरपंच सतीश सिंह व स्थानीय लोगों ने गाड़ी को हरी झंडी दिखाई गई।इन रूटों में बस के संचालन से ग्रामीण अंचल के लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए जिला मुख्यालय तक पहुंचने में समय की बचत होगी। ग्रामीण अंचल में सड़क परिवहन की सुविधा की कमी लंबे समय से ग्रामीणों की समस्या रही है। लेकिन शासन के जन हित योजना अन्तर्गत समस्याओं का समाधान किया जा रहा है जिसमें मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन की सुविधा बढ़ाना है।

BMC विद्या ददाति विनयम्
बी.एम. कॉलेज
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध
विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम
B.Ed.
कॉलेज कोड-114336
ऑनलाइन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 05/10/25
गोकुल नगर, पुलगाँव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग
Mob. : 87706-38793, 93403-11314, 93038-93829, 93008-50065
Sai समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स
प्लॉट, फॉर्म हाऊस, खेत, मकान, फ्लैट
लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116

# लो प्रेशर के प्रभाव से चार दिनों में 62.5 मिमी वर्षा

**अम्बिकापुर।** खाड़ी में सक्रिय लो-प्रेशर एवं चक्रवाती परिसंचरण अब छत्तीसगढ़ से बाहर निकल गया है इसके बावजूद पूरे दिन छिटपुट वर्षा होती रही। मौसम विज्ञानी रविवार को लो प्रेशर के कमजोर पड़ने के साथ ही धूप निकलने एवं स्थानीय प्रभाव से कहीं-कहीं छिटपुट वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे है। फिलहाल खाड़ी में कोई सिस्टम बनने की संभावना नहीं है।

- रविवार को साफ होगा मौसम

खाड़ी में सक्रिय लो प्रेशर के प्रभाव से पिछले चार दिनों से लगातार वर्षा हो रही है। शुक्रवार को लो प्रेशर के उत्तर छत्तीसगढ़ के ऊपर केंद्रित होने के कारण रूक-रूक कर लगातार 24 घंटे तक वर्षा होती रही। शुक्रवार को दिन में 13.4 मिमी वहीं शनिवार को सुबह 24.9 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। मौसम कार्यालय द्वारा पिछले चार दिनों के भीतर कुल 62.5 मिमी वर्षा दर्ज किया गया है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार 30 सितम्बर को मानसून काल समाप्त होने के बाद अक्टूबर मध्य तक उत्तर छत्तीसगढ़ से मानसून की वापसी होती है। मानसून की वापसी के दौरान अक्टूबर में औसत 58.0 मिमी वर्षा होती है। लो प्रेशर के प्रभाव से पिछले चार दिनों में ही औसत वर्षा का कोटा पूरा हो गया है। इधर मानसून की वापसी भी शुरू हो गई है लेकिन चक्रवाती परिसंचरण एवं लो प्रेशर के प्रभाव से मानसून की वापसी रूकी पड़ी है। मौसम विज्ञानी लो प्रेशर के कमजोर पड़ते ही तेजी से मानसून की वापसी होने की संभावना व्यक्त कर रहे है।

एस.एम.सी. सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय-रोग सम्बंधित परामर्श लें
08 अक्टूबर 2025 (बुधवार) को अंबिकापुर में
छ.ग. के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. सतीश सूर्यवंशी
MD, DM (Cardiology)
स्थानः- लाइफ लाइन हॉस्पिटल गवर्मेन्ट पोलिटेक्निक कॉलेज के पास, रिंग रोड, अंबिकापुर (छ.ग.)
दिनांकः- 08 अक्टूबर 2025 (बुधवार) समयः सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी की सुविधा
समस्त हृदय रोगो के इलाज की सुविधा उपलब्ध
ESIC, CSEB, RAILWAY,
आयुष्मान भारत से मान्यता प्राप्त
पूर्व रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करेंः-
7354882583/9755534404
Infront of BSNL office, Vidhan Sabha Road, Near Ashok Ratan, Shankar Nagar, Raipur (C.G.)
9039855001/9039855002
www.smchospital.in

## खबर संक्षेप



### संभाग स्तरीय सांसद ट्रॉफी शतरंज प्रतियोगिता प्रारंभ

**अम्बिकापुर।** जिला मुख्यालय सूरजपुर स्थित साधुराम विद्या मंदिर के सभागार में संभाग स्तरीय सांसद ट्रॉफी शनिवार को प्रारंभ किया गया। प्रतियोगिता में संभागभर के लगभग 150 खिलाड़ियों ने भागीदारी की। दो दिवसीय प्रतियोगिता 8 चक्रों में संपन्न होगी। विजयी खिलाड़ियों को लगभग 45 हजार के नगद पुरस्कार, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। प्रदेश शतरंज संघ के प्रतिनिधि अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक अनीस अंसारी ने संघ द्वारा भेजे गए संदेश का वाचन किया। जिला शतरंज संघ द्वारा प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक प्रदीप मंडल बनाए गए हैं। इस दौरान प्रदेश शतरंज संघ के संयुक्त सचिव सरोज कुमार वैष्णव, संयोजक विश्वनाथ मनियन, चेस इस्ट्रक्टर शेषरतन जायसवाल, प्राचार्य प्रभाकर उपाध्याय, उप प्राचार्य दीनदयाल तिवारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सीमांचल त्रिपाठी एवं आभार प्रदर्शन शतरंज संघ के अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल ने किया।

### शताब्दी वर्ष पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन, शस्त्र पूजन

**बिहारपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक पुनर्जागरण के संदेश को जन-जन



तक पहुंचाने के उद्देश्य से शनिवार को स्वंयसेवकों ने भव्य पथ संचलन किया। तहसील ग्राउंड में अपराह्न 2 बजे संघ के स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में एकत्र हुए तथा पथ संचलन प्रारंभ किया। पथ संचलन मुख्य मार्ग से होते हुए नौगई चौक पर पहुंचा जहां लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। इसके पश्चात तहसील ग्राउंड में पारंपरिक विधान से शस्त्र पूजन किया गया। पूजन के दौरान राष्ट्रभक्ति गीतों, घोष वादन और ओजपूर्ण भाषणों ने वातावरण को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धीरेंद्र जायसवाल, मुख्य वक्ता विवेक सक्सेना एवं उपखण्ड संघचालक रामरक्षा पाल ने स्वयंसेवको को संबोधित किया तथा संघ के 100 वर्षों की यात्रा समाज में इसके योगदान और आगामी चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी करने का अह्वान किया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्वयंसेवक, गणमान्य नागरिक अभिभावक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### हनुमान सेवा समिति ने दुर्गा पूजा के साथ की विभिन्न प्रतियोगिताएं

**अंबिकापुर।** नगर के महादेव गली स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में हनुमान सेवा समिति द्वारा नवरात्रि के अवसर पर मां दुर्गा की आराधना के साथ-साथ विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दशहरा व दुर्गा पूजा के दौरान समिति द्वारा रंगोली प्रतियोगिता, डांस प्रतियोगिता, डांडिया, माता का महा श्रृंगार, रूप सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 200 बच्चों ने उत्साह से हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रथम द्वितीय तृतीय प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया गया साथ ही सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। श्री हनुमान सेवा समिति के अध्यक्ष अमित जायसवाल ने बताया की विगत पांच वर्षों से मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जा रही है साथ ही विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर समिति के पूर्व अध्यक्ष ईपकेतु प्रसाद, दीपक जायसवाल, अंबिका सोनी, संपत गुप्ता, सत्येंद्र सोनी, महेंद्र सोनी, नागवंत जायसवाल, राजन गुप्ता, सागर गुप्ता, अमित जायसवाल सीए, शारदा सोनी, गोपाल जयसवाल, पुष्पक सोनी, कृष्णा जायसवाल, अखिलेश जायसवाल, कैलाश गुप्ता साथ ही महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती रूपा गुप्ता, प्रिया जायसवाल, सुनैना मेहता, सरिता जायसवाल, प्रभा सोनी, कुसुम गुप्ता, पूनम जायसवाल, लता सहित समिति के सभी सदस्यों एवं मोहल्ले वासियों का सक्रिय योगदान रहा।

#### मेढ़ना जंगल में सुबह 11 बजे हुई घटना

# बीच जंगल में मवेशियों को चराने पहुंचे चरवाहे की दंतैल ने पटक कर ली जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वन परिक्षेत्र वाड्रफनगर अंतर्गत मेढ़ना जंगल में मवेशियों को चराने गए ग्रामीण की दंतैल ने पटक कर जान ले ली। सूचना पर पहुंचे वनकर्मियों ने बीच जंगल से मृतक का शव बरामद किया। शनिवार को देर शाम अस्पताल पहुंचने के कारण मृतक का शव मरच्यूरी में रखवाया गया है। रविवार को मृतक का पीएम काराया जाएगा।

**खास बातें**

- सीमावर्ती रघुनाथनगर जंगल से बीती रात पहुंचा था दंतैल
- दंतैल के मौजूद होने की नहीं थी सूचना

ग्राम मुरकौल निवासी सोहन गोड़ आ.सुखन गोड़ (60वर्ष) अपने भांजे ग्राम मदनपुर निवासी भीम सिंह आ.सीताराम गोड़ के घर रहता था तथा आसपास के ग्रामीणों के मवेशियों को चराने का काम करता था। शनिवार को वह मवेशियों को चराने ग्राम चटनिया से 2 किमी दूर दूरस्थ मेढ़ना जंगल में गया था। सुबह 11 बजे मवेशी मवेशी चरते-चरते जंगल के भीतर पहुंच गए थे। बताया जा रहा है कि एक दंतैल सीमावर्ती रघुनाथ नगर क्षेत्र से बीती रात मेढ़ना जंगल में पहुंचा था। पास में ही तमोर पिंगला अभ्यारण्य की सीमा होने के कारण दंतैल के अभ्यारण्य क्षेत्र में जाने की संभावना जताई जा रही है। दंतैल के जंगल में मौजूद होने की सूचना न तो ग्रामीणों को थी न ही वन अमले को। सोहन घने जंगल में मवेशियों को चरा रहा था इसी दौरान दंतैल से सामना हो गया। सोहन ने दंतैल से अपनी जान बचाकर भागने की कोशिश भी कि लेकिन भागने के दौरान दंतैल दौड़ाकर उसे अपने सूंड में लपेटकर पटक दिया जिससे



जंगल में मृतक का शव।

घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। कुछ देर बार लकड़ी लेने के लिए जंगल पहुंचे ग्रामीणों ने चरवाहे का शव देखा तो वनकर्मियों को घटना की सूचना दी। सूचना पर वन व पुलिस विभाग की टीम पैदल लम्बी दूरी तयकर घटनास्थल पर पहुंची तथा शव को बरामद किया। जरूरी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद वन अमला देर शाम शव लेकर सिविल अस्पताल पहुंचा जहां विलंब होने के कारण शव को मरच्यूरी में रखवाया गया। रविवार को मृतक का पीएम कराने के बाद अन्य प्रक्रियाओं को पूरा किया जाएगा।

### रहती है हाथियों की मौजूदगी

वन अधिकारियों के अनुसार एलिफेंट रिजर्व तमोर पिंगला अभ्यारण्य से सटा होने के कारण मेढ़ना जंगल को काफी संवेदनशील माना जाता है। जंगल में कभी भी एलिफेंट रिजर्व के हाथी पहुंच जाते है तथा कभी भी अभ्यारण्य क्षेत्र में चले जाते हैं। हाथियों की मौजूदगी को लेकर क्षेत्र के ग्रामीण काफी सतर्क रहते हैं। वन अमला भी ग्रामीणों को बीच-बीच में जागरूक करते रहता है। दंतैल के बीती रात जंगल में दाखिल होने के कारण किसी को भी इसकी भनक नहीं लग सकी तथा सोहन मवेशियों को चराने जंगल के काफी भीतर तक पहुंच गया था।

### करना पड़ा 5 किमी पैदल सफर

उप वन मंडलाधिकारी पीसी मिश्रा ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद वन व पुलिस अमला घटना स्थल के लिए तत्काल रवाना हुआ। लेकिन घना जंगल होने के कारण अमले को घटनास्थल पर पहुंचने के लिए पांच किमी का पैदल सफर करना पड़ा। शव को भी वनकर्मी वाहन तक पैदल ले आए जिसके कारण सिविल अस्पताल पहुंचने में देर शाम हो गई। रविवार को पीएम कराने के उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### तैयार किया गया है प्रकरण

विभाग द्वारा जनहानि का प्रकरण तैयार कर लिया गया है। रविवार को पीएम उपरांत मृतक के परिजन को 25 हजार की तात्कालिक सहायता प्रदान की जाएगी।

-**पीसी मिश्रा**, उपवन मंडलाधिकारी

## मीना बाजार में जुआ खेलाने एवं कमीशन लेने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



मीना बाजार में जुआ खेलाने व प्रति खेल के एवज में 70 प्रतिशत कमीशन लेने वाले 2 आरोपियों को भटगांव पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नगदी रकम व स्ट्राइकर जब्त कर जुआ की धाराओं के अलावा प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

एसएसपी के निर्देश पर जिले की पुलिस अवैध कार्य के विरूद्ध सक्रियता से लगातार कार्रवाई करने में लगी हुई है। इसी बीच गत दिन थाना भटगांव पुलिस को सूचना मिली कि मीना बाजार परिसर के अंदर एक व्यक्ति तीन स्ट्राइकर से चिन्ह बनाकर लोगों को रूपये का दाव लगाकर जुआ खेला रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची जहां राजेन्द्र ग्राम थाना अंतर्गत ग्राम महगांव निवासी अरविंद कनौजिया आ. गोपाल प्रसाद कनौजिया (25 वर्ष) को तीन स्ट्राइकर से चिन्ह बनाकर लोगों को रुपये पैसे का दांव लगा कर डबल रकम करते पाया गया। इस दौरान अन्य जुआरी पुलिस को देखकर भाग निकले। पुलिस ने मौके से 900 रूपये नगद, स्ट्राइकर, 2 नगमे, काला रंग का बना पान पत्ती जब्त किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4, 6 के तहत अपराध दर्ज किया। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि मीना बाजार संचालक बालौद अंतर्गत जवाहर नगर निवासी लखन पटेल आ. वेंकट पटेल (65 वर्ष)प्रति खेल पश्चात 70 प्रतिशत राशि कमीशन देना एवं 30 प्रतिशत स्वयं रखना बताया। मीना बाजार संचालक के परिसर के अंदर खेलते पाया जाना तथा उसके संज्ञान में होना पाए जाने पर प्रकरण में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम धारा 4(क), 6(क) के तहत कार्रवाई कर आरोपी लखन पटेल को भी गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों के विरूद्ध जुआ एक्ट की धाराओं के अलावा प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। कार्रवाई में थाना प्रभारी भटगांव सरफराज फिरदौसी व उनकी टीम सक्रिय रहे।

### पुलिस ने जुआ खेल रहे सात लोगों पर की कार्रवाई

**राजपुर।** जुआ खेलने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने 7 लोगों को मौके से पकड़ा जबकि अन्य भाग निकले। पुलिस ने जुआरियों के पास से 4480 रुपए बरामद किया है। बताया जा रहा है कि राजपुर पुलिस को 2 अक्टूबर को गस्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग भदार के जुड़ियान में हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना के



बाद जब पुलिस मकान में पहुंची तो कुछ जुआरी भाग निकले लेकिन पुलिस ने मौके से बृजेश गुप्ता, मनीष गुप्ता, आशीष गुप्ता, मुख्तार अली, राहुल गुप्ता, दीपक गुप्ता, अर्जुन सिंह को पकड़ा है। पुलिस ने जुआरियों से 52 पत्ती ताश, 4480 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने मामले में धारा 3(2) छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है।

## बिजली बिल की दरों में की गई वृद्धि को वापस लेने घेरा कार्यालय

**अंबिकापुर।** विद्युत बिल की दरों में हुई वृद्धि को वापस लेने समेत अन्य समस्याओं शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने विद्युत विभाग के कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान कांग्रेस ने आरोप लगाया कि 2023 में प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के आने के बाद से अब तक बिजली की दरों में 80 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि हो गई है। घाटे के नाम पर प्रदेश की भाजपा सरकार ने न केवल बिजली की कीमतों में वृद्धि की साथ ही कांग्रेस सरकार के समय नागरिकों के हितार्थ प्रारंभ की गई बिजली बिल हाफ योजना को भी समाप्त कर दिया। इसके परिणाम स्वरूप आज विद्युत उपभोक्ताओं के बिजली बिल लगभग दो गुने हो गए हैं। इसके विरोध में कांग्रेस पार्टी पूरे छत्तीसगढ़ में विद्युत कार्यालयों के घेराव कर बढ़ी हुई दरों को वापस लेने की मांग कर रही है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि बिजली की दरों में की जा रही वृद्धि भाजपा

- कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



सरकार की प्रायोजित लूट है। जब कोयला हमारा, जमीन हमारा, पानी हमारा तो हमपर बिजली दरों की महंगाई का बोझ क्यों। उन्होंने कहा कि 2023 तक कांग्रेस की सरकार में यही बिजली विभाग कम बिजली दरों और बिजली बिल हाफ योजना के बावजूद मुनाफे में था लेकिन सरकार बदलते ही भाजपा के कुप्रबंधन की वजह से बिजली विभाग घाटे में चला गया और अब उस घाटे की भरपाई का बोझ प्रादेश की जनता पर डाल दिया गया है। भाजपा के कुप्रबंधन का बोझ छत्तीसगढ़ की जनता क्यों सहे। इसके साथ ही विद्युत दरों में की गई वृद्धि के विरोध में युवा कांग्रेस ने हस्ताक्षर अभियान चलाया और लोगों से सम्पर्क कर बिल वृद्धि को वापस लेने के लोगों के हस्ताक्षर लिए। इस दौरान जेपी श्रीवास्तव, द्वितेन्द्र मिश्रा, राकेश गुप्ता, हेमंत सिन्हा, विनय शर्मा, मो इस्लाम, विनीत विशाल जायसवाल, इंद्रजीत सिंह धंजल, रामविनय सिंह, जगन्नाथ कुशवाहा, सीमा सोनी, लोकेश पासवान, आशीष जायसवाल, चंद्रप्रकाश सिंह, रजनीश सिंह, युवा कांग्रेस के हिमांशु जायसवाल, सतीश बारी, विष्णु सिंहदेव सहित अन्य मौजूद थे।

### सड़क किनारे जुआ खेल रहे 9 जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा

**अम्बिकापुर।** ग्राम भदार सड़क किनारे हार जीत का दांव लगा रहे 9 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गश्त कर रहे राजपुर पुलिस को मुखबिर सूचना मिली कि ग्राम भदार सड़क किनारे बड़ी संख्या में लोग एकत्र होकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर हार जीत का दांव लगा रहे गांव के ही बृजेश गुप्ता, मनीष गुप्ता, आशीष गुप्ता, मुकतार अली, राहुल गुप्ता, दीपक गुप्ता, अर्जुन सिंह, धनेशवर मरकाम व राजेश गुप्ता को गिरफ्तार कर फड़ से 52 पत्ती सहित 4 हजार 480 रुपए जब्त किया। पुलिस ने सभी जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस के दबिश देने के पूर्व ही कई जुआरी भाग निकले।

## जमीन बंटवारा को लेकर छोटे भाई ने बड़े भाई पर किया जानलेवा हमला, मौत

**अम्बिकापुर।** नवाखाई त्यौहार मनाने के दौरान छोटे भाई ने पिता के साथ मिलकर बड़े भाई पर डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम बटईकेला निवासी मुन्ना राम आ. खीरू राम (60 वर्ष) 2 अक्टूबर को गांव में नवाखाई त्यौहार मना रहे थे। त्यौहार के दिन मुन्ना राम अपने घर के आंगन में बैठा था जबकि पत्नी रामपति गांव के ही राजेन्द्र, बैना व नान्दू को भोजन खिला रही थी। इसी दौरान छोटा भाई ठाकुर राम व पिता खीरू राम उसके घर पहुंचे और जमीन बटवारा को विवाद करना शुरू कर दिया। विवाद इतना बढ़ गया कि छोटे भाई ठाकुर राम ने डंडे से बड़े भाई मुन्ना राम के सिर पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर मारपीट की जानकारी लगते ही भोजन कर रहे राजेन्द्र, बैना व नान्दू बीच बचाव कर घायल को सीतापुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है और अग्रिम कार्रवाई के लिए डायरी संबंधित थाने भेज दिया है।

## सांसद चिंतामणि महाराज पहुंचे भांड़ी गांव, पीड़ित परिजन से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

विकासखंड ओड़गी के ग्राम पंचायत भांड़ी में बीते दिनों फैली उल्टी-दस्त की गांव के लोगों में दहशत फैल गया। दूषित पेयजल के कारण कई ग्रामीण बीमार हो गए, वहीं तीन महिलाओं की असमय मृत्यु से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई।

- स्वास्थ्य व्यवस्था की ली समीक्षा

गौरतलब है कि 20 से 25 दिन पूर्व विमला पैकरा की मृत्यु उल्टी दस्त से हुई थी। तथा दो दिन पूर्व प्रीति देवांगन व कुमारों पैकरा की मौत और आधा दर्जन से अधिक लोगों के बीमार पड़ जाने से गांव में भय का माहौल बना दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि



लंबे समय से नल जल योजना का जल स्त्रोत दूषित हो गया है और टंकी की साफ सफाई न होने से टंकी का दूषित पानी घरों में प्रवाहित हो रहा है जिससे लोग डायरिया से पीड़ित हो गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सांसद चिंतामणि महाराज शनिवार को भांड़ी पहुंचे। उन्होंने मृतक व पीड़ित के परिजन से मुलाकात कर हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। सांसद ने प्रभावित मरीजों से आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं घर जाकर स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि बीमार ग्रामीणों को तत्काल उचित उपचार तथा पीएचई विभाग को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति हेतु तत्काल खराब पड़े पंप को तत्काल बदलने के निर्देश दिए और दवा वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। सांसद महाराज ने अधिकारियों को सख्त लहजे में कहा कि जनता का स्वास्थ्य सर्वोपरि है, लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### मौके पर पहुंचे कलेक्टर

कलेक्टर एस जयवर्धन भी घटना की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग, पीएचई तथा जिला प्रशासन की टीम के साथ ग्राम भांड़ी पहुंचे। उन्होंने गांव के हालात का मौके पर जायजा लिया और स्वास्थ्य अमले से बीमार लोगों के उपचार की जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी हालत में ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति में लापरवाही न हो। नल-जल योजना की सभी टंकियों की तुरंत सफाई की जाए और जल की गुणवत्ता की जांच प्रतिदिन की जाए। स्वास्थ्य विभाग गांव में कैंप लगाकर सभी ग्रामीणों की स्क्रीनिंग करे ताकि कोई भी व्यक्ति बिना इलाज के न रहे। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि वे घबराएं नहीं, प्रशासन हर संभव मदद के लिए उनके साथ है। इस दौरान राजीव प्रताप सिंह, सत्यनारायण सिंह, प्रकाश दुबे, राजेश्वर तिवारी,अमन सिंह,अनिमेष दुबे, मुकेश श्रीवास्तव, नवीन गोयल, सीएमएचओ केडी पैकरा, एसडीएम चांदनी कंवर, तहसीलदार सुरेश राय, सीईओ निलेश सोनी, बीएमओ बंटी बैरागी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## अलग-अलग क्षेत्रों में पदस्थ दो दर्जन माइनिंग अधिकारियों का तबादला

**बिश्रामपुर।** शनिवार को एसईसीएल मुख्यालय से जारी तबादला आदेश में अलग अलग क्षेत्रों में पदस्थ दो दर्जन माइनिंग अधिकारियों का प्रभार बदलकर उन्हें नई जिम्मेदारी दी गई है। जारी आदेश में कंपनी हेड क्वार्टर में पदस्थ बीके जेना को सोहागपुर क्षेत्र का एरिया जनरल मैनेजर नियुक्त किया गया है। सोहागपुर जीएम एसएस परांजपे मुख्यालय में सीएमडी के ओएसडी नियुक्त किए गए हैं, कोरबा के प्रभारी जीएम और जीएम ऑपरेशन का कार्य देख रहे राजेश कुमार गुप्ता को स्थाई रूप से कोरबा क्षेत्र का महाप्रबंधक नियुक्त किया गया है, रमेश बसंत सिंधुर सब एरिया मैनेजर गेवरा एरिया को हेड क्वार्टर में टी एस टू सीएमडी नियुक्त किया गया है, संजीव कुमार हेड क्वार्टर से जीएम ऑपरेशन एंड स्टॉफ ऑफिसर प्रोडक्शन एंड प्लानिंग दीपिका एरिया नियुक्त किए गए हैं, पार्थ मुखर्जी दीपका से सबएरिया मैनेजर गेवरा, संजय कुमार सिन्हा को हेड क्वार्टर में ही जीएम ई एंड एफ का एचओडी नियुक्त किया गया है, रजनीश पांडेय झरिया ओसी हसदेव से सब एरिया मैनेजर दुर्गापुर रायगढ़ क्षेत्र, प्रशांत शर्मा बहेरा बांध हसदेव से सब एरिया मैनेजर आर जी के बिश्रामपुर एरिया, यूएन झा सब एरिया मैनेजर आरजीके खदान से जीएम ऑपरेशन कोरबा एरिया, शुभांकर मित्रा को कुर्जा के साथ बहेरा बांध सब एरिया मैनेजर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है, धर्मेंद्र कुमार रघुवंशी को राजनगर के साथ झिरिया ओसी के सब एरिया मैनेजर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है, बेचन सिंह को भटगांव के जगन्नाथ ओसी की जगह मैनेजर नवापारा भटगांव यूजी नियुक्त किया गया है, शंभू मिश्रा मैनेजर एनसीपी एच चिरमिरी को एरिया हेड क्वार्टर चिरिमिरी पदस्थ किया गया है, मुकेश कुमार चतुर्वेदी भटगांव से मैनेजर एनसीपीएच चिरिमिरी, नितिन एम पारखी को मैनेजर जगन्नाथ ओसी भटगांव, तुषार अरुण वाघमारे बैकुंठपुर से गेवरा, पंकज कुमार रॉय कुसमुंडा से गेवरा, कुमार सिलभद्र गेवरा से कुसमुंडा, संजय कुमार सिंह गेवरा से कोरबा, विजय कुमार गेवरा से चिरमिरी, प्रभात कुमार जायसवाल गेवरा से बैकुंठपुर,शुभम राठौर कोरबा से गेवरा एवं विनोद कुमार चंद्राकर चिरमिरी से गेवरा पदस्थ किए गए हैं।







